किफायती दरों में अपना विज्ञापन प्रकाशित करें और अपने व्यापार को और ऊंचाईयों पर ले जाएं। संपर्क करें: 7018631199

www.himalayanupdate.com 7018631199 समाचार पत्र Postal Regd no: HP/128/SML/2020-22

नवंबर, 2023

आपकी आवाज़

हिमालयन अपडेट

RNI-HPHIN/2017/73579

अपने क्षेत्र की समस्या के बारे में हमें लिखें।

himalayanupdate@gmail.com

7018631199 गुरूवार 09.11.2023 पृष्ठ: 01, मूल्य: 1 रू. शिमला से प्रकाशित advthimalayanupdate@gmail.com

छात्रों में स्वतंत्र एवं तर्कसंगत सोच पैदा करता है बीसीएस: शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री ने बीसीएस के 164वें वार्षिक भाषण दिवस की अध्यक्षता की

शिमला/हिमालयन अपडेट
शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज बिशप कॉटन स्कूल शिमला के 164वें वार्षिक पारितोषिक एवं भाषण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि मैं अपने आप को आज बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि मुझे अपने स्कूल के 164वें भाषण दिवस के अवसर पर बोलने का मौका मिल रहा है। उन्होंने कहा कि दो दशकों से अधिक समय से राजनीतिक जीवन में रहते हुए अकसर बड़ी जन सभाओं को संबोधित करने का मौका मिलता रहा है लेकिन आज अपने प्रतिष्ठित स्कूल में संबोधित करते हुए थोड़ा असहज महसूस हो

रहा है। इस अवसर पर उन्होंने स्कूल में बिताए गए समय को भी याद किया। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन में स्कूल के दौरान परिसर में रहना अच्छा नहीं लगता था, लेकिन आज परिसर को छोड? का मन भी नहीं करता। शिक्षा मंत्री ने कहा कि आपके माता-पिता ने आपको भारत के सबसे पुराने ब्यॉज स्कूल और इस अनूठी प्रणाली की देखभाल में सौंपा है, जिसे कई बार पुरस्कृत किया गया है। बिशप कॉटन स्कूल एशिया के सबसे पुराने बोर्डिंग स्कूलों में से एक है, जो छात्रों में स्वतंत्र और तर्क संगत सोच की भावना पैदा करता है। यह स्कूल हमें आज्ञाकारी, कर्तव्य-निष्ठ, विनम्रता और ईमानदारी के साथ बड़ो, शिक्षकों, रिति-रिवाजों और परम्पराओं का सम्मान करना भी सिखाता है। रोहित ठाकुर ने कहा कि बिशप कॉटन स्कूल भारत में हाउस सिस्टम का उपयोग करने वाला पहला स्कूल है। बीसीएस का स्कूली जीवन केवल सीखने, खेलने या किताबे पढने तक सीमित नहीं है बल्कि एक समय रेखा भी है, जिसके दौरान सभी अच्छी आदतें सीखी जा सकती है। उन्होंने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि हमारे अपने राज्य की विधानसभा में 6 विधायकों ने इसी स्कूल से शिक्षा ग्रहण की है। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक सीमन वील ने मुख्यातिथि का स्वागत किया तथा स्कूल द्वारा आयोजित की गई वार्षिक गतिविधियों के बारे में उन्हें अवगत करवाया।

'2022 की चुनावी गारंटियों के उल्टा कार्य कर रही है कांग्रेस सरकार'

शिमला/हिमालयन अपडेट
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर राजीव बिंदल ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 80 करोड़ गरीबों को 5 किलो मुफ्त अनाज देने का कार्य पिछले 3 साल से किया और अब दीपावली पर पीएम मोदी ने इस योजना को आने वाले 5 साल के लिए बड़ा दिया इसके लिए पीएम मोदी का आभार। केंद्र सरकार ने जनता को हमेशा राहत देने का कार्य किया है, सस्ते दाम का आटा घर.घर पहुंचेगा जो की एक केंद्र सरकार की प्रदेश जनता को बड़ी देन है। बिंदल ने कहा कि इसके विपरीत प्रदेश में कांग्रेस सरकार ने दीपावली के पर्व पर जनता को महंगाई का बड़ा तोहफा दिया है, हिमाचल प्रदेश के राशन डिपो में दालों के दाम बढ? का कार्य इस जनविरोधी सरकार ने किया है। दिवाली से पहले उपभोक्ताओं पर महंगाई की मार पड़ी है। अब एपीएल परिवारों को

दाल 9 रुपये और रिफाइंड तेल 10 रुपये महंगा मिलेगा। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत बीपीएल परिवारों को दी जाने वाली माश की दाल अब 4 रुपये महंगी हो गई है। इन उपभोक्ताओं को डिपो में ये दाल 63 रुपये प्रति किलो मिलेगी।

इससे पहले यह दाल 59 रुपये प्रतिकिलो दी जा रही थी। वहींए एपीएल उपभोक्ताओं को मलका दाल 64 के बजाय अब 73 रुपये प्रति किलो की दर से मिलेगी। इसमें 9 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। हिमाचल प्रदेश में साढ़े 19 लाख परिवारों को को इस महंगाई का बोझ झेलना पड़ेगा। बिंदल ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने डीजल में 7 रु की कटौती की थी, जोकि कांग्रेस ने आते ही बड़ा दी और डीजल को 7 रु महंगा कर दिया, इससे हिमाचल की जनता पर तकरीबन 1500 करोड रुपए का भोज बड़ा है और इससे महंगाई का बोलबाला हिमाचल प्रदेश में तेज हुआ है। हिमाचल प्रदेश में बिजली महंगी कर, तरह-तरह के टैक्स लगाकर हर चीज का दाम बढने का कार्य कांग्रेस सरकार ने कया है। यहां तक की बसों में भी तरह-तरह की टिकट लगाकर जनता को परेशान करने का कार्य सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि 2022 की चुनावी गरंटियों के उल्टा कार्य कर रही है यह कांग्रेस सरकार।

ऋषि किशोर बने किसान कांग्रेस कुल्लू के जिलाध्यक्ष

कुल्लू/हिमालयन अपडेट
उझी घाटी से संबंध रखने वाले कांग्रेस नेता ऋषि किशोर को कांग्रेस पार्टी ने नई जिम्मेवारी दी है उन्हें किसान कांग्रेस कल्लू का जिला अध्यक्ष बनाया गया है हिमाचल प्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सोहन वर्मा ने उन्हें तत्काल प्रभाव से नियुक्ति दी है पदभार संभालते ही नव नियुक्त अध्यक्ष ऋषि किशोर ने मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ का आभार व्यक्त किया है और कहा है कि वह अपनी इस जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन करेंगे साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि आपदा में जिन लोगों का नुकसान हुआ है उन्हें उनकी जमीन और मुआवजा राशि दिलवाने के

लिए प्रदेश सरकार के समक्ष मुद्दा उठाएंगे और ऐसे लोग जिन्हें राशि नहीं मिल पाई है उनकी समस्याओं का भी वह समाधान करने के लिए भरपूर कोशिश करेंगे ऋ षि किशोर का कहना है कि आपदा में बहुत से लोगों का नुकसान हुआ था और जिला कुल्लू इससे सबसे अधिक प्रभावित हुआ था लेकिन प्रदेश सरकार ने दृढ़ निश्चय के साथ इस आपदा का जमकर सामना किया और अब प्रदेश में एक बार फि र से बेहतरीन तरीके से कार्य हो रहा है।
और आपदा से प्रभावित हुए लोगों की भी

'सरकार नारा सुख की सरकार का देती है और काम सारे दुःख की सरकार के करती है'

शिमला/हिमालयन अपडेट
नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि वर्तमान सरकार को आम लोगों से कोई सरोकार नहीं रह गया है। सरकार नारा सुख की सरकार का देती है और काम सारे दुःख की सरकार के करती है। दीवाली के समय में सरकार ने प्रदेश के डिपुओं पर मिलने वाली खाद्य सामग्रियों के दाम में लगभग बीस फ ीसदी तक की बढ़ोतरी कर दी है। ऐसे में आपदा की मार झेल रहे प्रदेशवासी क्या करेंगे। उन्होंने कहा कि त्यौहारों में सरकार लोगों को तोहफे देती है जिससे लोग अच्छे से त्यौहार मना सके। लेकिन कांग्रेस सरकार प्रदेश के लोगों पर महंगाई का बोझ डालने का कोई भी अवसर नहीं छोड़ती है। जयराम ठाकुर ने कहा कि यह कोई पहला अवसर नहीं है जब कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के लोगों पर महंगाई का बोझ डाला है। इसकी शुरूआत सरकार बनते ही शुरू हो गई

थी। लोगों से महंगाई कम करने का वादा करके सत्ता में आई कांग्रेस ने सत्ता सम्भालते ही डीजल का वैट बढ़ाकर अपने चुनावी वादे के उलटा चलना शुरू कर दिया था और आज भी उसी रास्ते पर चल रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री अन्न कल्याण योजना के माध्यम से देश भर में अस्सी करोड़ से ज्यादा लोगों को निःशुल्क अन्न उपलब्ध करवा रही हैं। पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस योजना को अगले पांच साल के लिए बढ़ा दिया है। दूसरी तरफ राज्य सरकार है आये दिन डिपुओं में मिलने वाले सामानों में कटौती कर रही है और जो मिल रहा है उनके दाम बढ़ा रही है। आपदा से जूझ रहे प्रदेश के लोगों के लिए सरकार द्वारा लिए गए ऐसे निर्णय किसी भी हाल में सही नहीं कहे जा सकते हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार ने कहा कि डिपुओं में मिलने वाली उड़द की दाल के दाम 59 रुपए से बढ़ाकर 63 रुपए कर दिए, एपीएल को दी जाने वाली मलका की दाल के दाम 63 से बढ़ाकर 73 रुपए कर दिए। इसी तरह रिफाइंड तेल के दाम बढ़ाकर 104 रुपए से बढ़ाकर 114 रुपये कर दिए। दीवाली के समय में इस तरह से खाने पीने की चीजों के बेतहाशा दाम बढ़ाकर प्रदेश के लोगों को परेशान करना, सरकार के निरंकुश होने का प्रमाण है।
नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार का काम लोगों को राहत देने का है, जिससे लोगों की समस्याएं कम होए बढ़े नहीं। लेकिन वर्तमान सरकार के सभी काम लोगों की समस्याओं को बढ़ाने वाले होते हैं। व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर प्रदेश के लोगों को परेशान करने का काम वर्तमान सरकार कर रही है। लगभग एक साल के कार्यकाल में ही यह सरकार पूरी तरह से फेल हो गई है। लोग आज सडकों पर हैं। सरकार ने प्रदेश के लोगों से किए गए किसी भी वादे को पूरा नहीं किया है। प्रदेश में पहली बार ऐसी सरकार है जो सिर्फ झूठ बोल कर सरकार में आई और झूठ बोलकर ही उसे चलाना चाह रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि यह नहीं हो पाएगा अब प्रदेश के लोगों ने कांग्रेस को सबक.सिखाने का मन बना लिया है।

मंडी के संस्कृति सदन में राज्य स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता 2023-24 शुरू

मंडी/हिमालयन अपडेट
मंडी के संस्कृति सदन में राज्य स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता का आगाज हो गया। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रतियोगिता में प्रदेश भर से 256 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। अतिरिक्त उपायुक्त मंडी निवेदिता नेगी ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का आगाज किया। उदघाटन समारोह में विशेष अतिथि शिक्षा उप.निदेशक प्रारंभिक अमरनाथ राणा रहे। निवेदिता नेगी ने प्रतियोगिता में भाग ले रहे विद्यार्थियों को शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि कला उत्सव से युवा प्रदेश की समृद्ध संस्कृति से रूबरू होंगेए वहीं इससे संस्कृति को संजोए रखने में भी मदद

मिलेगी। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में न केवल संस्कार बढ़ते हैं, बल्कि लुप्त होती लोक कलाएं भी जीवंत रहती हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहित करके हम उन्हें अपनी संस्कृति से जोड़े रख सकते हैं।कला उत्सव के जिला समन्वयक मृदुला ठाकुर ने बताया कि कला उत्सव की प्रतियोगिता में 12 जिलों के 256 विद्यार्थी और अनुरक्षक भाग ले रहे हैं। राज्य स्तर की प्रतियोगिता में विजेता राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता में कला उत्सव की गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए संस्कृति सदन में चार अलग-अलग मंचों की व्यवस्था की गई है जिसमें मंच नंबर एक पर लोक नृत्य, मंच नंबर दो पर एकल नाटक अभिनय, मंच नंबर 3 पर इंस्ट्रूमेंटल प्रीक्यूशिव और मंच नंबर चार पर विजुअल आर्ट्स डाइमेंशनल करवाए गए हैं। कार्यवाहक प्रधानाचार्य सरिता शर्मा ने मंच पर विराजमान सभी अतिथियों, अनुरक्षकों का और प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों का स्वागत किया और इस कार्यक्रम को सफ ल बनाने की शुभकामनाएं दी।

शहीद बलबीर चन्द की राजकीय सम्मान से अंतिम विदाई

कांगड़ा/हिमालयन अपडेट
शहीदों के नाम पर लगेंगे हर वर्ष मेले, वतन पर मिटने वालों का यही आखिरी निशां होगा। इन पंक्तियों को नेरना का बीएसएफ जवान बलवीर चन्द देश सेवा में अपनी जान की कुवार्नी देकर सच साबित कर गया। छत्तीसगढ़ में हैंड ग्रेनेड फटने से शहीद हुए नेरना निवासी बीएसएफ जवान बलबीर चन्द का तिरंगे में लिपटा शव मंगलवार को सुबह आर्मी के वाहन में नेरना पहुंचा तो माहौल गमगीन हो गया। हर तरफ चीखोपुकार सुनाई दे रही थी। घर में मातम पसर गया। हर किसी की आंख से अश्रुधारा निकल

उठी। शहीद बलबीर चन्द की पत्नी सुदेश कुमारी सहित बेटों व परिजनों का रो.रो कर बुरा हाल हुआ। घर पर लोगों का तांता लगा हुआ था। शहीद को श्रद्धांजलि देने काफ ी दूरदराज से लोग पहुंचे थे। भारत माता की जय, तेरा वैभव अमर रहे मां के उदघोषों से गांव गूंज उठा। आर्मी की टुकड़ी ने श्मशानघाट पहुंचकर शहीद को सलामी दी तथा पुलिस की टुकड़ी ने हवा में फ ायर दाग कर सलामी दी। पूरे राजकीय सम्मान के साथ शहीद का अंतिम संस्कार किया गया। शहीद के शव को उनके बेटे ने मुखाग्नि दी। इस मौके पर एसडीएम फ तेहपुर विश्रुत भारती, विधायक भवानी पठानिया सहित काफ ी लोग मौजूद रहे

एसजेवीएन को 200 मेगावाट सौर ऊर्जा के लिए उत्तराखंड से आशय पत्र प्राप्त हुआ

शिमला/हिमालयन अपडेट
नन्द लाल शर्मा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन ने बताया कि एसजेवीएन को उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड यूपीसीएल से 200 मेगावाट सौर ऊर्जा खरीदने का आशय पत्र प्राप्त हुआ है।नन्द लाल शर्मा ने कहा कि यूपीसीएल एसजेवीएन की 1000 मेगावाट बीकानेर सौर परियोजना से 2.57 रुपए प्रति यूनिट के टैरिफ पर 200 मेगावाट विदयुत खरीदने का इच्छुक है। यह सौर परियोजना सीपीएसयू योजना के अंतर्गत राजस्थान में एसजेवीएन की पूर्ण स्वामित्व वाली अधीनस्थ कंपनी एसजीईएल के माध्यम से विकसित की जा रही है, जिसमें भारत सरकार की फं डिंग वायवलिटी गैप शामिल है। परियोजना से उत्पन्न विदयुत का उपयोग सरकारी

संस्थाओं द्वारा प्रत्यक्ष या डिस्कॉम के माध्यम से किया जाएगा। नन्द लाल शर्मा ने आगे कहा कि परियोजना से सौर ऊर्जा का आबंटन निकट भविष्य में एसजीईएल और यूपीसीएल के बीच हस्ताक्षरित होने वाले विदयुत खरीद करार के अनुसार होगा। यह विकास सौर आरपीओ लक्ष्यों की पूर्ति करने और विद्युत की कमी को पूरा करने में सहयोग देगा। इससे पूर्व 03 जनवरी, 2023 कोए भारत की माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 1000 मेगावाट की बीकानेर सौर परियोजना की आधारशिला रखी थी। यह परियोजना जून, 2024 तक कमीशनिंग के लिए निर्धारित है और इसमें 5491 करोड़ रुपए का निवेश शामिल है।

इस परियोजना से प्रथम वर्ष में 2455 मिलियन यूनिट और 25 वर्षों की अवधि में संचयी रूप से लगभग 56838 मिलियन यूनिट विदयुत उत्पन्न होने की संभावना है,जबकि कार्बन उत्सर्जन में 27,85,077 टन की कमी आएगी। एसजेवीएन, एक अग्रणी विदयुत सीपीएसयू है जो भारत सरकार के हरित ऊर्जा ट्रांजिशन लक्ष्य के अनुरूप अपने नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफ ोलियो का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

कांग्रेस की कथनी और करनी में फर्क : कश्यप

शिमला/हिमालयन अपडेट
भाजपा सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप ने रिज मैदान में मीडिया से बात चीत करते हुए कहा की केंद्र सरकार ने पिछले 9 वर्षों में हिमाचल प्रदेश को बहुत कुछ दिया है जो कि कांग्रेस नेताओं को दिखता नहीं है, जैसे एम्सए मेडिकल डिवाइस पार्क, एनएचए पीजीआई सेंटर ऊना, बल्क ड्रग पार्क और हाइड्रो कॉलेज। इन सब बातों को तो कांग्रेस पार्टी याद नहीं करती और केवल मात्र भाजपा को कोसने का कार्य करती है।उन्होंने कहा कि आपदा के समय केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश को 2000 करोड़ से अधिक की आर्थिक सहायता भेजी है प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के

अंतर्गत 2700 करोड रुपए की राशि हिमाचल प्रदेश के लिए स्वीकृत की गई जिसमें से 800 करोड रुपए हिमाचल प्रदेश के खाते में आ गए हैं।

कांग्रेस नेताओं को याद रखना चाहिए कि पैसा सीधा खातों में आता है ना कि किसी के माध्यम से हिमाचल प्रदेश को आपदा की संकट के दौरान हुई क्षति के चलते 11000 घर केंद्र सरकार ने स्वीकृत करवाए है जिसके पैसे भी हिमाचल सरकार को आ चुके हैं। हिमाचल सरकार की एक चिठ्ठी हमारे सामने आई है और वह एक नोटिफिकेशन है जिसमें उनकी सरकार ने ही कहा है कि जो आर्थिक पैकेज मुख्यमंत्री द्वारा दिया जाएगा उसमें सर्वप्रथम केंद्र से दी गई राशि का उपयोग किया जाएगा अब हमें यह नहीं समझ आ रहा है कि खुद ही अपनी चि्ठी को पढकर यह कांग्रेस नेता भूल जाते हैं उन्होंने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान हिमाचल प्रदेश स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति चरमराती हुई दिखाई दे रही है। आयुष्मान भारत जो कि केंद्र की एक बड़ी योजना है उससे पूरे देश में स्वास्थ्य लाभ लोगों को मिल रहा है पर दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि हिमाचल में हम केयर योजना के अंतर्गत 200 करोड रुपए की राशि को रोक दिया गया है।